दिन– रविवार दिनांक– 24 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. संसद के शीतकालीन सत्र से पहले आज होगी सर्वदलीय बैठक। कल से शुरू होगा बिहार विधानमंडल का शीतकालीन सत्र।

03. सेना भर्ती कार्यालय, दानापुर ने दस से बीस दिसम्बर तक आयोजित होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली को किया स्थगित।

04. और, तेज पछुआ हवा के प्रभाव से राज्य के अधिकांश हिस्सों में ठंड में तेजी से बढ़ोतरी।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सोलहवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चौनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। मुख्य प्रसारण के तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महाराष्ट्र, झारखंड विधानसभा और देश के अन्य हिस्सों में हुये उपचुनावों में पार्टी की जीत सुशासन और विकास की जीत है। दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव परिणाम नकारात्मक राजनीति की हार है। श्री मोदी ने कहा कि कई राज्यों में हुए उपचुनावों में भी लोगों ने भाजपा के प्रति भरोसा दिखाया है। उन्होंने कहा कि यह जीत दिखाती है कि लोग केवल विकास चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस का ध्यान केवल और केवल परिवार पर है और नागरिकों के बजाए परिवार को प्राथमिकता देने वाली पार्टी लोकतंत्र के लिए खतरा है।

———पीएम———

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पूरे देश में केवल एक संविधान लागू होगा, और ये संविधान, बाबा साहेब आम्बेडकर का संविधान है। उन्होंने कांग्रेस और उसके सहयोगियों से कहा कि अब दुनिया की कोई भी ताकत अनुच्छेद तीन सौ सत्तर को वापस नहीं ला सकती।

———————————————————————

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि केंद्र सरकार सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से करोड़ों किसानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की बैठक में श्री शाह ने कहा कि सरकार सहकारिता आंदोलन के माध्यम से देश के नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सहकारिता के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रही है।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। बैठक में सरकार सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में सुचारू कामकाज सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी। गौरतलब है कि संसद का शीतकालीन सत्र कल से शुरू होगा और बीस दिसंबर तक चलेगा। छब्बीस नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर संसद की बैठक नहीं होगी।

———————————————————————

बिहार विधानमंडल का शीतकालीन सत्र कल से शुरू होगा। उनतीस नवम्बर तक चलने वाले सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें होंगी। पहले दिन राज्यपाल द्वारा स्वीकृ त अध्यादेशों की प्रति भी सदन पटल पर रखी जायेगी। इसके अलावा उपचुनाव में नव नव निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलायी जाएगी । छब्बीस और सत्ताईस नवम्बर को राजकीय विधेयक पेश होंगे। अट्ठाईस नवम्बर को चर्चा के बाद द्वितीय अनुपूरक बजट और विनियोग विधेयक पारित होगा। उनतीस नवम्बर को अनुपूरक बजट पर सामान्य चर्चा होगी। पूरे सत्र के दौरान विधानसभा परिसर और आस पास के क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम रहेंगे। सत्र के सुगम और सफल संचालन को लेकर विधि व्यवस्था संधारण, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पटना के जिलाधिकारी और वरिय पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में एक बैठक की गयी। जिलाधिकारी डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि सत्र के दौरान त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी।

———————————————————————

बिहार डाक सर्किल की ओर से पटना में अट्ठाईस से तीस नवम्बर तक डाक टिकट प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। इसमें देश के डाक टिकट संग्राहक भी शामिल होंगे। बिहार के पोस्टमास्टर जनरल  अनिल कुमार ने बताया कि इस दौरान चार विभिन्न संगीत घरानों पर फोटो युक्त पोस्टकार्ड और पांच ऋषि मुनियों पर विशेष आवरण का विमोचन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनकपुर की राजकुमारी माता सीता और वैशाली की आम्रपाली पर भी विशेष आवरण जारी किया जायेगा। डाक अध्यक्ष ने बताया कि मौर्यकालीन सिक्का और कला, चाणक्य, चंद्रगुप्त तथा कौटिल्य शास्त्र के साथ मंडन मिश्र और शंकराचार्य पर आवरण जारी की जायेगी।

————————————————————

देश के पहले डाक टिकट को पटना जी.पी.ओ. से ही जारी किया गया था। बिहार के मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल अनिल कुमार ने कॉपर टिकट के प्रतिरूप का पटना प्रधान डाकघर परिसर में लोकार्पण किया। बिहार के पोस्टमास्टर जनरल ने बताया कि  यह प्रतिरूप ताम्र टिकट की दो सौ पचासवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्थापित किया गया है।  ताम्र टिकट का यह प्रयोग वर्ष सत्रह सौ चौहत्तर में पहली बार पटना से ही शुरू हुआ था, उस समय यह अज़ीमाबादी इक्कनी–दुवन्नी के नाम से प्रचलित था यह ऐतिहासिक पहल बिहार की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और प्रदर्शित करने की दिशा में एक मील का पत्थर है।

———बाईट———

————————————————————

सेना भर्ती कार्यालय, दानापुर मुख्यालय ने दस से बीस दिसम्बर तक दानापुर के चांदमारी में आयोजित होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली को स्थगित कर दिया है। इस रैली में पटना, बक्सर, भोजपुर, सीवान, सारण, गोपालगंज और वैशाली जिले के युवाओं की भर्ती की जानी थी। साथ ही बिहार और झारखंड की अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस के लिए शॉर्ट लिस्ट की गयी महिलाओं के लिए भी रैली का आयोजन होना था। सेना के एक अधिकारी के अनुसार भर्ती रैली की नई तिथि बाद में घोषित की जायेगी, जिसे ज्वायन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन पर जारी किया जायेगा।

————————————————————

एक भारत–श्रेष्ठ भारत के तहत राज्य के चौंतीस जिलों के पचास युवा दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय, गया के नेतृत्व में कर्नाटक का भ्रमण करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने बताया कि यह भारत को जानो, भारत को समझो और भारत का बनो की संकल्पना पर आधारित है। इसमें सीयूएसबी को बिहार का नोडल विश्वविद्यालय बनाया गया है।

———बाईट———

————————————————————————————————

तेज पछुआ हवा के प्रभाव से राज्य के अधिकांश हिस्सों में ठंड में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश के चौबीस शहरों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान में कमी आने से लोगों को अब ठंड का अहसास हो रहा है। विभाग ने कल से राज्य के उत्तरी और पूर्वी भागों के क्षेत्रों में कुछ स्थानो पर हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाये रहने की संभावना जताई है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सीवान जिले का जीरादेई प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान ग्यारह दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, कुहासे के कारण रेल और हवाई यातायात पर असर पड़ा है। कई रेलगाड़ियां अठारह घंटे तक की देरी से चल रही हैं। इसके साथ ही छह विमान भी देरी से उड़े।

————————————————————————————————

राज्य में वायु प्रदूषण का प्रकोप  जारी है। कटिहार शहर पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश का सबसे प्रदूषित शहर रहा। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक तीन सौ पैंसठ दर्ज किया गया। इसके साथ ही हाजीपुर का एक्यूआई तीन सौ इक्यावन, बक्सर का तीन सौ अठारह और पटना का एक्यूआई दो सौ अठानवे दर्ज किया गया।

————————————————————————————————

सिखों के नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस आज मनाया जा रहा है। श्री गुरु तेग बहादुर के बलिदान को हर वर्ष शहीदी दिवस के रूप में याद किया जाता है। वर्ष सोलह सौ पचहत्तर में आज ही के दिन श्री गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म, मानवीय मूल्यों, आदर्शों और सिद्धांतों की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था।

————————————————————————————————

निर्वाचन आयोग आज राज्यभर में सभी मतदान केन्द्रों पर संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर का आयोजन कर रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच.आर. श्रीनिवास ने बताया कि लोग अपने संबंधित मतदान केंद्रों पर जाकर मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं या संशोधन करा सकते हैं। यह अभियान अट्ठाईस नवंबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि लोग मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटाने और इसमें किसी तरह के बदलाव के लिए ऑनलाईन और ऑफलाईन आवेदन कर सकते हैं।

---

प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्यभर से डेंगू के सतहत्तर मरीजों की पुष्टि हुई है। इनमें पच्चीस मरीज पटना से हैं। वहीं, पटना से चिकनगुनिया के दो नये मामलों की पुष्टि हुई है।

---

समस्तीपुर जिले के नगर थाना क्षेत्र के पुरानी पोस्ट ऑफिस रोड स्थित एक आभूषण दुकान से अपराधियों ने लगभग पचास लाख रूपये मूल्य के जेवरात लूट लिए। अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से अपराधियों की पहचान की जा रही है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने दो राज्यों के विधानसभा और उपचुनावों की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने जनादेश शीर्षक से लिखा है– मुम्बई में एनडीए, रांची में इंडिया और बिहार में एनडीए ने सभी चार सीटें जीतीं।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– सत्ता और स्थिरता के साथ मतदाता। महाराष्ट्र में महायुति की महाविजय, बिहार में राजग ने जीतीं चारों सीटें।

दैनिक भास्कर ने आज आईपीएल के लिए होने वाले मेगा ऑक्शन को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है– कप्तान की तलाश में उतरेंगी पांच टीमें, श्रेयस, पंत, के.एल सबसे बड़े खिलाड़ी। नीलामी में पांच सौ सतहत्तर खिलाड़ी होंगे शामिल। इनमें तीन सौ सड़सठ भारतीय और दो सौ दस हैं विदेशी।

प्रभात खबर की सुर्खी है– अमेरिकी आयोग ने रिश्वत मामले में अडाणी समूह के संस्थापक गौतम अडाणी और उनके भतीजे सागर को किया तलब।

आज अखबार की बड़ी खबर है– वायनाड से प्रियंका चार लाख से अधिक मतों जीतीं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. संसद के शीतकालीन सत्र से पहले आज होगी सर्वदलीय बैठक। कल से शुरू होगा बिहार विधानमंडल का शीतकालीन सत्र।

03. सेना भर्ती कार्यालय, दानापुर ने दस से बीस दिसम्बर तक आयोजित होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली को किया स्थगित।

04. और, तेज पछुआ हवा के प्रभाव से राज्य के अधिकांश हिस्सों में ठंड में तेजी से बढ़ोतरी।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।